-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 10.11.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाये रखने के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में किया गया पैदल गश्त।**
- **डॉग स्क्वायड, बीडीएस चेकिंग टीम, एलआईयू आदि के साथ संवेदनशील/भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, सार्वजिनक आयोजनों/धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड, होटल, ढाबा, लॉज आदि स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों आदि की, की गई सघन चेकिंग।**

विवरण- जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 10.11.2025 को सायंकाल श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त की गई । इस दौरान डॉग स्क्वायड, बीडीएस चेकिंग टीम, एलआईयू की टीम के साथ संवेदनशील/भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, सार्वजिनक आयोजनों/धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड परिसर, होटल, ढाबा, लॉज आदि स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों सहित सार्वजिनक/लावारिस वस्तुओं की सघन चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले लोगों तथा यात्रियों से पूछताछ करते हुए विनम्रता के साथ चेकिंग की गई। रेलवे स्टेशन परिसर में सार्वजिनक/लावारिस वस्तुओं, सामानों के साथ-साथ वाहन स्टैण्ड व कंट्रोल रुम/सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता आदि की भी चेकिंग की गई। इस दौरान श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक बांदा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर लगातार रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, वाहन पार्किंग स्टैण्ड, होटलों. ढाबों, रेस्टोरेंटो तथा लॉजों को लगातार चेक करते रहें। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता चेक कर रियल टाइम विश्लेषण भी किया जाए। इस दौरान सोशल मीडिया सेल को निर्देशित किया गया कि सोशल मीडिया पर सतत सतर्क निगरानी की जाए तथा भ्रामक खबरों का तत्काल खण्डन किया जाये साथ ही भ्रामक खबर चलाने/पोस्ट करने वालों पर तत्काल सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा द्वारा आमजनमानस से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु आदि की सूचना तत्काल डायल यूपी 112 या किसी नजदीकी पुलिस स्टेशन पर दें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक आदि सहित आरपीएफ, जीआरपी पुलिस टीम के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रही।